वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 156 | मंगलवार 3 अक्टूबर 2023 | दैनिक ई-पेपर



# शाबाश इंडिया



@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### आदर्शों को अपनाने का किया आह्वान

## राज्यपाल मिश्र ने महात्मा गांधी और शास्त्री जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**जयपुर. कासं।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर राजभवन में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा निवेदित की। मिश्र ने इन दोनों विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए जन जन को सत्य, अहिंसा और न्याय के साथ ईमानदारी से राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निर्वहन के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया है।

## रंधावा बोले-आचार संहिता के बाद होगी टिकटों की घोषणा

### बीजेपी में जाने वालों पर कहा- जिनके पास सामान नहीं होता वे इधर-उधर से उठाते हैं

**जयपुर. कासं।** कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधवा ने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में जाने वालों पर तंज कसा है। रंधावा ने कहा- जिनके पास सामान नहीं होता वे इधर-उधर से उठते हैं, जिनके पास समान है उनको क्या जरूरत है? हमारी दुकान चल रही है। उनके पास सामान नहीं है, वो कभी किसी का चोरी करते हैं कभी किसी का। चोर तो कभी कामयाब नहीं होता। कामयाब तो वही रहता है जिसके पास सामान है। रंधावा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। रंधावा ने कहा- जो अपना नहीं होता, वह किसी कभी किसी का नहीं बनता। जो छोड़कर जाते हैं वे कभी किसी के नहीं रहते। हमें पॉलिटिक्स वैसी करनी चाहिए कि देश हित में क्या बात है? हमें यही सारा दिन नहीं सोचना चाहिए कि हमारी सरकार कैसे आएगी? अब देखना होगा कि हमें देश को आगे कैसे लेकर जाना है। हमें कैसे लोगों में विश्वास पैदा करना है। टिकट वितरण में देरी के सवाल पर रंधावा ने आचार संहिता लगने के बाद ही कांग्रेस के टिकटों की घोषणा के संकेत दिए। टिकट वितरण में देरी के सवाल पर रंधावा ने कहा- इतनी देर पहले टिकट देकर क्या करेंगे। जो टाइम होता है उससे पहले सब तैयार है। आचार संहिता लगने दीजिए। टिकटों पर फैसला हो जाएगा। कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है। पहले संगठन नहीं बनने की बात उठती थी तो संगठन में नियुक्तियां हो चुकीं। अब टिकटों पर बात हो रही है, तो टिकट भी हम सबसे पहले करेंगे और मजबूत कैंडिडेट देंगे। बीजेपी से तो हम पहले ही आगे हैं। बीजेपी की परिवर्तन यात्रा थी उनका परिवर्तन नहीं हुआ ।

## दो दिवसीय सीए नेटवर्किंग सम्मेलन: ICAI के सदस्यों के साथ देशभर के 600 सीए हुए शामिल

**जयपुर. कासं।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की कमेटी फॉर मेंबर्स इन प्रैक्टिस और जयपुर शाखा की ओर से सीए मेंबर्स के लिए दो दिवसीय नेटवर्किंग सम्मेलन एक्सीलरेट और मैक्सिमाइज प्रैक्टिस का शुभारंभ सोमवार को होटल मैरियट में किया गया। सेंट्रल काउंसिल मेंबर और कमेटी फॉर मेंबर्स इन प्रैक्टिस के अध्यक्ष सीए प्रकाश शर्मा ने जानकारी दी कि यह विशेष सम्मेलन प्रैक्टीसिंग चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रैक्टिस को बढ़ावा देने और उससे अधिकतम लाभ प्राप्त करने के तरीकों को साझा करना है। इस सम्मेलन के माध्यम से प्रोफेशनल्स को उनके क्षेत्र में अधिक उत्कृष्टता



और प्रैक्टिस में सुधार करने के लिए आवश्यक ज्ञान, नेटवर्किंग मौके, और अधिक समर्थन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। मुनिश्वर नाथ भंडारी चेयरमैन- Appellate Tribunal under PMLA इस कॉन्फ्रेंस के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने जयपुर शाखा को इस सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी, साथ ही सीए सदस्यों को राष्ट्र निर्माण और समाज में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया और उनको उनके उज्जवल भविष्य के लिए उनको शुभकामनाएं दीं। प्रोग्राम डायरेक्टर विजय कुमार अग्रवाल, जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल और सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने बताया की इस सम्मेलन के माध्यम से आज हम विभिन्न क्षेत्रों में प्रैक्टिस कर रहे सीए सदस्यों को एक साथ एक मंच पर साथ लाये हैं जहां उन्हें प्रैक्टिस को बढ़ावा देने और उससे अधिकतम लाभ प्राप्त करने के तरीकों को समझाया गया है। प्रोफेशनल्स को अपने क्षेत्र के अन्य विशेषज्ञों से जुड़ने और नेटवर्क बढ़ाने का मौका मिला है, जिससे वे अपने क्षेत्र में अधिक उत्कृष्टता और प्रैक्टिस में सुधार करने के लिए उपयुक्त उपायों और तकनीकों के बारे में और काम में अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए उपयुक्त रणनीतियों और अद्वितीय तरीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।




# जैन सोशल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन नॉर्दर्न रीजन द्वारा "जैन एकर्स जेएसजी क्रिकेट प्रीमियर लीग 2023" का आयोजन 8 अक्टूबर से

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप्स एक महत्वपूर्ण समाजिक और सांस्कृतिक संस्था है, इसका समाज में विश्व स्तर पर अपना एक महत्वपूर्ण स्थान है। रीजन अध्यक्ष महेंद्र सिंघवी ने बताया कि ''जैन एकर्स जेएसजी क्रिकेट प्रीमियर लीग'' का आयोजन 8 से 22 अक्टूबर 2023 के बीच बड़े धूमधाम से होने जा रहा है। इस आयोजन को ''15 दिनों के एक उत्सव'' के रूप में मनाया जाएगा और इसके होस्ट जेएसजी यूनिवर्स ग्रुप और सह होस्ट जेएसजी वीनस ग्रुप होंगे। इस डे-नाईट क्रिकेट प्रीमियर लीग में रिकॉर्ड 108 टीमें और 1186 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें पुरुष और महिलाएं दोनों श्रेणियों के टीमों की भागीदारी होंगी। यह एक अद्भुत मौका होगा जहां बंधुत्व की भावना के साथ इतने खिलाड़ी साथ साथ खेलेंगे। इस विशाल क्रिकेट महोत्सव का आयोजन एस.जे. पब्लिक स्कूल जयपुर ग्राउंड पर होगा और इसमें विश्व-रिकॉर्ड बनने की पूरी पूरी सभावना है। इसमें राष्ट्रीय स्तर के अंपायर्स का निर्णय होगा, जिससे खेल की गुणवत्ता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि ग्राउंड पर आने वाले सभी खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए विभिन्न प्रकार के उच्च गुणवत्ता के स्वादिष्ट भोजन की सुविधाएँ प्रति दिन होंगी, जिससे वे अपने पसंदीदा विभिन्न व्यंजनों का आनंद उठा सकेंगे। हम इस महोत्सव में रोजाना लगभग 5000 से 8000 दशोकों की उम्मीद कर रहे हैं, जो इसे एक अनोखे आयोजन के रूप में बना देगा। इस महोत्सव का आयोजन आईपीएल की तर्ज पर धूमधाम से किया जा रहा है और इसके उद्घाटन समारोह में देश भर से चिर परिचित, चर्चित, सामाजिक विभूतियाँ सम्मिलित होंगी। आयोजन समिति में रीजन की




ओर से राकेश जैन संस्थापक चेयरमैन, महेन्द्र गिरधरवाल मुख्य समन्वयक, महेंद्र सिंघवी वर्तमान चेयरमैन, दीक्षांत हाड़ा, अध्यक्ष और अंकुर जैन, सचिव प्रायोजक ग्रुप यूनिवर्स जयपुर एवं नितिन जैन अध्यक्ष प्रायोजक ग्रुप वीनस मुख्य रूप से होंगे। रीजन के चेयरमैन इलेक्ट राजीव पाटनी, सिद्धार्थ जैन सचिव के साथ साथ रीजन के पूर्व चैयरमेन जिसमें मुख्य रूप से उजास जैन, संजय जैन व रीजन पदाधिकारी और क्रिकेट कमेटी के कॉन्वीनर्स, कोऑर्डिनेटर्स सम्पूर्ण व्यावस्थायों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# सिद्धों की आराधना

मंगलं भगवान वीरों, मंगलं गौतमोगणी। मंगलं पुष्पदंताद्यो, जैन धर्मोस्तु मंगलं।।

## नवरात्रा के अवसर पर जयपुर में प्रथम बार



श्री 1008 आदिनाथ भगवान



भूगर्भ से प्राप्त 1200 वर्ष प्राचीन अतिशयकारी 1008 मंशापूर्ण भगवान महावीर स्वामी जी

# 256 महामण्डलीय श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान



पुष्पगिरी प्रणेता आचार्य श्री 108 पुष्पदन्तसागर जी महाराज

## एवं विश्व शांति महायज्ञ

रविवार, 15 अक्टूबर से मंगलवार, 24 अक्टूबर 2023



मंगल आशीर्वाद एवं पावन सान्निध्य

पुष्पगिरी प्रणेता आचार्य श्री 108 पुष्पदंतसागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य

ज्ञानयोगी संस्कार प्रणेता, जीवन आशा हॉस्पिटल प्रेरणास्रोत

**आचार्य श्री 108 सौरभसागर जी महाराज**

अपना स्वतंत्र मण्डल बुक करायें

2 धोती दुपट्टा, 2 साड़ी

सहयोग राशि

**₹ 5,100/-**

**विशेष 256 मण्डलीय विधान**

**भव्य मंगल प्रवेश**

श्री दिगम्बर जैन मन्दिर लाल कोठी से भट्टारक जी की नसियां

शुक्रवार, 13 अक्टूबर 2023

प्रातः 7.15 बजे

**कार्यक्रम स्थल - भट्टारक जी की नसियाँ, नारायणसिंह सर्किल, जयपुर**

आप सभी धार्मिक बन्धु अपने परिवार एवं इष्ट मित्रों सहित कार्यक्रम में भाग लेकर धर्मलाभ लें एवं कार्यक्रम को सफल बनायें।

आयोजक : **आचार्य सौरभमयी सिद्धचक्र प्रभावना समिति, जयपुर**
**श्री पुष्प वर्षायोग समिति, प्रताप नगर, सेक्टर-8, जयपुर**

**सम्पर्क सूत्र**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| राजीव जैन गाजियाबाद | आलोक जैन तिजारिया | कमलेश जैन बावड़ी | शिखर जैन (सारसोप) | चेतन जैन निमोड़िया | अतुल मंगल 'लवली' |
| 9414054571 | 9549317777 | 9667872547 | 9414717682 | 9351783600 | 9694666667 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शांति-ममता सोगानी | विनय सौगानी | मनोज सोगानी | विनोद तिजारिया | विराट दीवान | मनीष बैद | ओमप्रकाश जैन 'मामाजी' | विनोद जैन कोटखावदा |
| 9636394817 | 9414054814 | 9829295610 | 9314216340 | 9829019188 | 9414016808 | 8829021691 | 9314278866 |
| देवेन्द्र बाकलीवाल | जिनेन्द्र गंगवाल 'जीतू' | पदम बिलाला | सोभागमल जैन | सुरेन्द्र मोदी | अनिल जैन काशीपुरा | रमेश बोहरा | कमल बैद |
| 9887027407 | 9829864876 | 9314024888 | 9509643144 | 8696979825 | 9414769596 | 9828026629 | 9983334999 |

**अपना स्वतंत्र मण्डल बुक करने के लिए अपने क्षेत्र के संयोजकों से सम्पर्क करें :-**

| | |
|---|---|
| **सांगानेर प्रताप नगर संभाग** | |
| पवन जी जैन सेक्टर-5 | 9413396370 |
| दिलीप जी पाटनी | 9414241839 |
| विमल जी जैन बाकलीवाल, एम-23 दिन मन्दिर | 9314513582 |
| महेश जी सेठी सेक्टर-8 | 9829088979 |
| राजेश जी चौधरी | 9460762728 |
| **मानसरोवर संभाग** | |
| राजेश जी जैन (डब्बू) | 9829292014 |
| सुनील जी पहाड़िया (वरुण पथ) | 9314995657 |
| धनकुमार जी कासलीवाल | 9414359660 |
| एम.पी. जैन (वरुण पथ) | 9829014598 |
| **मालवीय नगर** | |
| अजय बड़जात्या (बबलू भैया) | 9314967444 |
| सी.एल. जैन | 9414078656 |
| रामपाल जी जैन (डालडा वाले) | 9314091161 |
| **टोंक रोड** | |
| राजीव जी लाखना | 9001239913 |
| कैलाश जी जैन (गायत्री नगर) | 8003699001 |
| प्रकाश जी बाकलीवाल (छोटा गिरनार) | 9414066613 |
| अनिल जी छाबड़ा (मधुबन) | 9887262673 |
| **किशनपोल जौहरी बाजार संभाग** | |
| राजकुमार जी पाटनी | 9414057232 |
| दर्पण बिलाला (जौहरी बाजार) | 9001122111 |
| मुकेश ब्रह्मपुरी | 9314115222 |
| **झोटवाड़ा संभाग** | |
| धीरज जी पाटनी | 9929110116 |
| राजीव जी पाटनी | 9314501479 |
| पवन जी पाण्ड्या | 9928013777 |
| कमलेश जी जैन | 9829151421 |
| विकास जी बड़जात्या (कांमा वाले) | 9785481867 |
| **जवाहर नगर बापूनगर संभाग** | |
| सूरज अजमेरा | 8875132259 |
| सुधीर गंगवाल (जनता कॉलोनी) | 9929279577 |
| राजेश सोगानी | 9460762728 |
| नरेन्द्र जैन | 9829017533 |

## वेद ज्ञान

### संतुलित जीवन

जिस तेजी से समय बदल रहा है, हमारी अव्यवस्थित होती जीवनशैली और आदतों में बदलाव आ रहा है। जिस तेजी से समय बदल रहा है, हमारी अव्यवस्थित होती जीवनशैली और आदतों में बदलाव आ रहा है। यह हमारी सेहत के लिए बहुत हानिकारक है और कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं का कारण भी है। जिंदगी को सफल और सार्थक बनाने के लिए उसके प्रति सकारात्मक नजरिया होना जरूरी है। सच तो यह है कि यदि आप जिंदगी को प्यार करते हैं तो जिंदगी भी आपको प्यार करती है। बढ़ती प्रतियोगिता, आगे बढ़ने की होड़ और अधिक से अधिक धन कमाने की इच्छा ने इंसान के जीवन से सुख, चैन व शांति को दूर कर दिया है। महान दार्शनिक अरस्तू ने कहा भी है कि खुशी हम पर निर्भर करती है। सब कुछ पा लेने की इस दौड़ में इंसान सबसे ज्यादा अनदेखा खुद को कर रहा है। बेहतर कल के सपनों को पूरा करने के चक्कर में अपने आज को नजरअंदाज कर रहा है। वह भूल रहा है कि बीता हुआ समय लौटकर नहीं आता। इसलिए कुछ समय अपने लिए, अपने शरीर, अपने शौकों और उन कामों के लिए देना भी बहुत जरूरी है जिनसे आपको खुशी मिलती है। सच तो यह है कि दुनिया वैसी ही है जैसे हम इसके बारे में सोचते हैं। यदि हम अपने विचारों को बदल सकें तो हम दुनिया को बदल सकते हैं। अगर आप अपने माता-पिता, दादा-दादी व नाना-नानी की दिनचर्या देखें तो महसूस करेंगे कि उनकी दिनचर्या आपसे कई मायनों में भिन्न है। उनका जीवन और दिनचर्या उनके बनाए नियमों के मुताबिक है। समस्या युवाओं और कामकाजी लोगों के साथ ज्यादा है। कारण भी स्पष्ट है- समय की कमी या फिर यूं कहें कि समय का ठीक से प्रबंधन न कर पाना जीवन को अव्यवस्थित कर रहा है, जिसका असर जीवन के हर पहलू पर पड़ रहा है। एक विद्वान ने कहा है कि मैं अपने भाग्य का नियंत्रक हूं, मैं अपनी आत्मा का नियंता हूं। एक सुंदर और अच्छे जीवन के लिए जरूरी है-अच्छी सेहत। इसलिए अच्छी सेहत के लिए जरूरी है-समय पर सोना और सुबह जल्दी जागना, लेकिन आज अधिकांश युवाओं के सोने और जागने का समय निश्चित ही नहीं है। पूरी नींद न लेना कई बीमारियों की वजह बन जाती है। आज अधिकांश लोगों का मुख्य मकसद अधिक-से-अधिक धन कमाना हो गया है जो चलन बेहद खतरनाक है।

## संपादकीय

### लंबे समय तक तनातनी फायदेमंद साबित नहीं होती

कभी भी दो देशों के बीच लंबे समय तक तनातनी फायदेमंद साबित नहीं होती। वह भी जब दो ऐसे देशों के बीच किसी मसले पर मनमुटाव हो जाए, जो लंबे वक्त से बेहद करीबी रहे हैं, तो उन्हें उस मसले को मिल-बैठ कर सुलझा लेने में ही बेहतरी समझी जाती है। अच्छी बात है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का भारत के प्रति रुख अब नरम पड़ रहा है। उन्होंने भारत के साथ कनाडा के संबंधों का महत्त्व बताते हुए रिश्ते बेहतर करने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि भारत के साथ करीबी संबंधों को लेकर कनाडा बहुत गंभीर है और दोनों अहम भू-राजनीतिक भागीदार हैं। वैश्विक स्तर पर भारत का महत्त्व बढ़ रहा है। ऐसे में जरूरी है कि कनाडा और उसके सहयोगी भारत के साथ मिलकर काम करें। दरअसल, भारत में आतंकी और आपराधिक मामलों में वांछित हरदीप सिंह निज्जर की बीते जून माह में अज्ञात लोगों ने कनाडा में हत्या कर दी थी। जस्टिन ट्रूडो ने न केवल भारत पर उसकी हत्या



के आरोप लगाए, बल्कि भारतीय राजनयिक को कनाडा से निकालने जैसा सख्त कदम भी उठाया। यही नहीं, उन्होंने अमेरिका समेत अपने मित्र और साझीदार देशों के जरिए भारत के खिलाफ दबाव की रणनीति भी अपनानी चाही, मगर इसमें वह कामयाब नहीं हुए। निज्जर मामले में कनाडा की अनावश्यक अक्रामकता के बाद भारत ने अपने एक के बाद एक लिए फैसलों से ट्रूडो को बता दिया कि उस पर अब वैश्विक दबाव काम नहीं करेगा। भारत ने कनाडा के जवाब में जिस प्रकार सबसे पहले उसके राजनयिक को वापस भेजा, फिर कनाडाई नागरिकों को वीजा जारी करने पर अस्थायी रोक लगाई और अंतरराष्ट्रीय जगत के समक्ष अपना पक्ष मजबूती से रखा, उसका सकारात्मक असर पड़ा। सिख फार जस्टिस के प्रमुख और कनाडा में रहकर भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे खालिस्तानी चरमपंथी और निज्जर के करीबी गुरपतवंत सिंह पन्नू की संपित्तयों को कुर्क किए जाने से भी दुनिया को यह संदेश गया कि भारत किसी भी तरह के अलगाववाद के सख्त खिलाफ है। ट्रूडो ने भारत से संबंध बेहतर बनाने की बात ऐसे समय कही जब विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन के साथ वाशिंगटन में मुलाकात कर रहे थे। दोनों के बीच कई मुद्दों पर बातचीत हुई। निज्जर की हत्या का मुद्दा भी उठा। मगर जिस प्रकार जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर इस मामले को संभाला है, उससे कनाडा अपने कदम पर विचार करने को विवश हुआ है। ट्रूडो संबंधों की दुहाई देकर भले यह कहें कि निज्जर की हत्या की सच्चाई सामने लाने के लिए भारत-कनाडा मिलकर काम करें, लेकिन अभी तक उनके पास निज्जर हत्याकांड से जुड़े सबूत नहीं हैं। समझा जा सकता है कि कनाडा में रह रहे सिख समुदाय का वहां की सरकार पर भारी दबाव है और ट्रूडो सरकार उसकी नाराजगी मोल नहीं लेना चाहती। मगर इसके चलते बिना किसी सबूत के वह भारत से अपने रिश्ते खराब कर ले, तो वह उसके लिए बड़ा और स्थायी नुकसान साबित होगा। दशकों से दोनों देशों के मित्रवत संबंध रहे हैं। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

### दहशत की आग...

हपाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक बार फिर बड़ा बम विस्फोट हुआ। जुमे की नमाज और ईद-ए-मिलाद उन नबी के मौके पर जब लोग इकट्ठा थे, दो मस्जिदों के बाहर जबरदस्त धमाके हुए, जिसमें कम से कम छप्पन लोगों के मारे जाने और करीब एक सौ तीस के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि हुई है। आजादी के बाद से ही बलूचिस्तान में चरमपंथी गतिविधियां बढ़ती रही हैं। मगर पाकिस्तान सरकार उस पर काबू पाने के लिए राजनीतिक रास्ता अख्तियार करने के बजाय बंदूक का सहारा लेती रही है। इसका नतीजा यह हुआ है कि उस इलाके में चरमपंथी संगठन अब सेना को चुनौती देने की स्थिति में पहुंच गए हैं। 2005 के बाद जब पाकिस्तानी सेना ने बड़े पैमाने पर बलूचों का सफाया करना शुरू किया, तो चरमपंथ और ताकतवर होता गया। उसके बाद से उस इलाके में कई बड़े बम धमाके हुए हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर लोग मारे जा चुके हैं। पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था अब इस पर काबू पाने में पूरी तरह विफल नजर आती है। उल्टा कुछ मौकों पर पाकिस्तानी हुक्मरान पलट कर बलूचिस्तान में अशांति का जिम्मेदार भारत को ठहराने की कोशिश करते देखे गए। दरअसल, बलूच लोगों की शुरू से शिकायत रही है कि भूभाग के हिसाब से उन्हें न तो राजनीतिक हिस्सेदारी मिली है और न आर्थिक। बलूचिस्तान पाकिस्तान का करीब चालीस फीसद हिस्सा है, मगर इतना गरीब और पिछड़ा हुआ है कि बच्चों के लिए माकूल मदरसे तक नहीं हैं। बलूच लोग पाकिस्तान से अलग अपना स्वायत्त शासन चाहते हैं। मगर पाकिस्तान की हुकूमत उन्हें बंदूक के बल पर खामोश करने की कोशिश करती रही है। विचित्र है कि पाकिस्तान अपने यहां के एक बड़े हिस्से में व्याप्त अलगाववाद को तो संभाल नहीं पाता, मगर भारत के कश्मीर में अलगाववाद की आग जलाए रखने की हर कोशिश करता है। वह खुद जिस आग में जल रहा है, वही आग भारत में लगाए रखना चाहता है। इसके लिए उसकी सेना और खुफिया एजंसी बेपनाह पैसा खर्च करती हैं। अभी कुछ दिनों पहले वहां के विदेशमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर फिर से कश्मीर की स्वायत्तता का राग अलापा। इसके पहले अनेक मौकों पर उसके प्रधानमंत्री और दूसरे आला नेता अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाते रहे हैं। इस मामले को सुलझाने के लिए तीसरे पक्ष की मध्यस्थता तक की बात करते रहे हैं। मगर बलूचिस्तान, जो उसकी जमीन का हिस्सा है, वहां फैले असंतोष को दूर करने को लेकर वह कभी इस तरह फिक्रमंद नहीं दिखा। दरअसल, पाकिस्तान अपनी जमीनी हकीकत पर परदा डालने के मकसद से भी भारत के हिस्से वाले कश्मीर में अशांति पैदा करने की कोशिश करता है। जिस दिन वह अपनी असल समस्याओं को सुलझाने को लेकर संजीदा होगा, उस दिन शायद उसे बलूचिस्तान का दर्द समझ में आएगा और कश्मीर में नाहक दखलंदाजी का मोल भी। मगर शुरू से ही वह महाशक्तियों का मोहरा बन कर कभी इस तरफ तो कभी उस तरफ करवट बदलता रहता है। पहले अमेरिका के पाले में जाकर उसने इमदाद बटोरी, अब चीन के पहलू में बैठा हुआ है। फिलवक्त उसकी स्थिति यह है कि रोजमर्रा के खर्चे के लिए भी उसे कर्ज लेना पड़ता है। सेना की बादशाहत से वहां की हुकूमत मुक्त नहीं हो पा रही।

# विनायक एनक्लेव वेलफेयर सोसायटी के चुनाव संपन्न हुए

## अध्यक्ष शशि शंकर शर्मा मंत्री विकास कुमार शर्मा निर्वाचित





जयपुर. शाबाश इंडिया। आगरा रोड स्थित विनायक एनक्लेव वेलफेयर सोसायटी के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव प्रभारी सुरेश शर्मा, जगदीश खांडल व कुश मित्तल के अनुसार अध्यक्ष पद पर शशि शंकर शर्मा मंत्री पद पर विकास कुमार शर्मा एवं कोषाध्यक्ष पर राजेंद्र जांगिड़ निर्वाचित हुए।




**अवतरण दिवस 3 अक्टूबर पर विशेष**

# अभीक्षण ज्ञानोपयोगी वात्सल्य मूर्ति
# आचार्य श्री वसुनन्दी महामुनिराज



राष्ट्र संत आचार्य श्री १०८ विद्यानन्द जी मुनिराज के सुयोग्य शिष्य एवं विश्व भर में मीठे प्रवचन कर्ता के नाम से विख्यात आचार्य श्री १०८ वसुनन्दी जी महामुनिराज ने अपना आत्म कल्याण का मार्ग बाल्य अवस्था से ही चुन लिया था और 21 वर्ष की अवस्था में 1989 में ही मुनि दीक्षा ग्रहण कर ली थी।

## वैराग्य का वेग

03 अक्टूम्बर 1967 को विरौंधा मनिया (धौलपुर) में सौभाग्यवती त्रिवेणी देवी धर्म पत्नी श्री ऋषभ चंद जैन की कुक्षी से अवतरित बालक दिनेश जैन ने बी. कॉम. तक की लौकिक शिक्षा ग्रहण की। आगे सी.ए. के लिए जयपुर की ओर बढ़ते कदम अचानक वैराग्य के वेग से मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ गए और उन्होंने हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, कन्नड़, प्राकृत, उर्दू, अपभ्रंश, मुडिया, शॉर्ट हैण्ड, गुजराती, ब्राह्मी लिपि, तमिल, बुन्देली सहित कई भाषाओं का ज्ञान प्राप्त किया तथा अब तक 350 के करीब ग्रंथ संपादित किए है।

## वसुनन्दी उवाच

इनकी प्रसिद्ध पुस्तकें: मीठे प्रवचन, वसुनंदी उवाच, धर्म संस्कार, सर्वोदयी नैतिक धर्म, दशामृत, आहार दान के अचिन्त्य फल, धर्म बोध संस्कार आदि है। बृहद प्राकृत ग्रंथ 'अशोक रोहिणी' चरित्र नामक महाकाव्य, जो दिगंबर जैनाचार्य द्वारा लिखित अब तक का सबसे वृहद महाकाव्य प्रकाशनाधीन है।

## धर्म प्रसार - पद विहार

एक वर्षाकाल से दूसरे वर्षा काल अर्थात करीब आठ माह में 2000 किलोमीटर का पद विहार करते हुए साधु जीवन में 40000 से 45000 किलोमीटर का पद विहार कर राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु दिल्ली में इन्होंने तथा इनके उपसंघों ने 'धर्म बचाओ धर्म सिखाओ की अलख जगायी है।

## धर्म प्रभावक योगी

जैनम जयतु शासनं विश्व कल्याण कारकम्का घोष करने वाले वात्सल्य मूर्ति, अभीक्षण ज्ञानोपयोगी, युवा मनीषी, अध्यात्मिक संत, आदर्शोतम शिष्य, तपोनिधि, गुणसागर, वात्सल्य रत्नाकर, उपसर्ग विजेता, बाल योगी, वात्सल्य निधि, साधना के शिखर पुरुष, अध्यात्म सरोवर के राजहंस, तीर्थोद्धारक, लोह पुरुष, गुरु सेवक, जिनधर्म प्रभावक, ज्ञान ध्यान तप में लीन, कुशल संघ संचालक, सरल मना, वात्सल्य की खदान, आचार्य श्री १०८ वसुनंदी जी गुरु से दीक्षा प्राप्त कर बहुत से मुनि आर्यिकाए अपनी आत्म साधना में लीन रहते हुए धर्म प्रभावना कर रहे है।

## ग्रंथ और सन्त जिन शासन के प्राण

जैन ग्रंथ प्रकाशन एवम् संरक्षण हेतु ''निर्ग्रंथ ग्रंथमाला समिति'' तथा साधु सन्तों के आहार विहार आदि व्यवस्थाओ के लिए राष्ट्रीय स्तर पर ''धर्म जागृति संस्थान'' जैसी संस्थाएँ तथा जम्बूस्वामी तपोस्थली बालखेड़ा, जिनशासन अजमेर, विद्यानंद स्थल नोएडा जैसे कई क्षेत्र है जिनका विकास इनकी प्रेरणा का ही परिणाम है।

## जयपुर सोभाग्य

जयपुर का सोभाग्य है की यहाँ आचार्य श्री एवं इनके सभी उप संघों का कभी न कभी प्रवास रहा है। जैन नगरी जयपुर के जैन समाज का आचार्य श्री के प्रति विशेष जुड़ाव* रहा है, वर्तमान में भी मीरा मार्ग में चातुर्मास रत इनके तीन प्रिय शिष्य वृहद् कार्यक्रमो के साथ पूरे जयपुर में धर्म प्रभावना कर रहे है। जयपुर में वर्ष 2011, 2015, 2019, 2020, 2022, 2023 में आचार्य श्री ससंघ के तथा पाँच उप संघों के चातुर्मास के अलावा आचार्य श्री एवं उपसंघों के सानिध्य में बड़े बड़े धार्मिक अनुष्ठान एवम् पंचकल्याण भी हुये है। मैरे जैसे कई भक्तजनों के पथ प्रदर्शक परम पूज्य आचार्य श्री को शत शत वन्दन शत शत नमन।




**पदम जैन बिलाला**
**प्रांतीय अध्यक्ष**
**प्रांतीय धर्म जागृति संस्थान, राजस्थान**



# अवतरण दिवस

## 03 अक्टूबर

## आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी महामुनिराज








## नमनकर्ता: अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रांत-राजस्थान

श्री शांति कुमार की ममता जी सोगानी जयपुर, श्री वीरेंद्र जी बाड़मेर वाले अजमेर, श्रीरश्मीकांत जी सोनी जयपुर, श्री रमेशचंद्र जी गर्ग बालखेड़ा, श्री जयकुमार जी जैन कोटा वाले, श्री शैलेंद्र जी गोधा समाचार जगत जयपुर, श्री राजेश जी गंगवाल लालसोट वाले, श्री प्रेमचंद जी छाबड़ा दोसा, श्री ज्ञानचंद जी जैन भोंच बस्सी वाले, श्री विमल कुमार जी बाकलीवाल, झोटवाड़ा जयपुर, श्री राकेश कुमार जी माधोराजापुर वाले।

| प्रांतीय अध्यक्ष | कार्याध्यक्ष | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | महामंत्री |
|---|---|---|---|---|
| पदमचंद जैन बिलाला | अनिल कुमार जैन | पवन कुमार चौधरी | राजीव लखाना | सुनील कुमार पहाड़िया |
| जनकपुरी | आईपीएस बसवा | अलवर | जय जवान कॉलोनी | थड़ी मार्केट |

| समहामंत्री | मंत्री | कोषाध्यक्ष | सहकोषाध्यक्ष |
|---|---|---|---|
| संजय बढ़जात्या | राजीव कुमार पाटनी | पंकज कुमार लोहारिया | महेश काला |
| भरतपुर कामां | झोटवाड़ा | थड़ी मार्केट | चंदलाई |

**संपर्क सूत्र= 9314024888, 9351302142, 9351636462**



# चंद्रप्रभु जैन मंदिर देवीपुरा में हुए क्षमावाणी के कलशाभिषेक

## जैन वीर संगठन द्वारा किया गया पत्रिका का विमोचन



**सीकर. कासं।** क्षमावाणी महापर्व के पावन अवसर पर रविवार को प्रातः क्षमावाणी महोत्सव मनाया गया ।प्रातः सर्वप्रथम क्षमावाणी के कलशाभिषेक हुए। मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष प्रदीप सेसम व मंत्री पंकज दुधवा ने बताया कि मूलनायक चन्द्रप्रभु भगवान के अखण्ड दीपक के पुण्यार्जक बनने का सौभाग्य केसरीमल पदमचंद अरुण कुमार पिराका परिवार को प्राप्त हुआ। अध्यक्ष पदम पिराका व उपमंत्री नरेश काला ने बताया कि पद्मावती माता की वेदी के समक्ष अखण्ड दीपक के पुण्यार्जन का सौभाग्य पूरणमल पाना देवी जयपुरिया परिवार को प्राप्त हुआ ।कोषाध्यक्ष आलोक सेठी व सदस्य आशीष जयपुरिया ने बताया कि मंदिर जी में क्षेत्रपाल बाबा के समक्ष अखण्ड दीपक के पुण्यार्जन का सौभाग्य महावीर प्रसाद नरेश कुमार गौतम कुमार सूरज कुमार जी तेजस काला (लालास वाले) परिवार को प्राप्त हुआ। नरेश कालिका व रामेश्वरलाल पाटनी ने बताया कि क्षमावाणी पर श्रीजी की माल व आरती के पुण्यार्जक का सौभाग्य अशोक कुमार अमित कुमार नितिन कुमार निलेश कुमार पहाड़िया परिवार को प्राप्त हुआ।इस अवसर पर कमेटी सदस्य मुकेश जैन, संजय छाबड़ा दुधवा, पवन पहाड़िया सहित समाज के श्रद्धालु उपस्थित थे।जैन वीर संगठन के अध्यक्ष सुनील सेसम व मंत्री नवीन कासलीवाल ने बताया कि जैन वीर संगठन व ढंड डायबिटीज केयर के संयुक्त तत्वाधान में 17 दिसंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य मधुमेह जांच व परामर्श शिविर चंद्रप्रभु भवन देवीपुरा में लगाया जाएगा जिसकी पत्रिका का विमोचन ब्रह्मचारिणी सरिता दीदी व बबीता दीदी के सानिध्य में चंद्रप्रभु भवन में किया गया।

# नि:शुल्क हड्डी जांच शिविर में 51 रोगी लाभान्वित



कुचामन । महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में श्रीमती गुणमालादेवी कमलकुमार पाण्ड्या के सौजन्य से 12 वा निःशुल्क हड्डी, जाँच जॉइन्ट, लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विषेषज्ञ डॉ. जितेश जैन (राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर) द्वारा अरिहंत हेल्थ सेंटर पर 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया गया। शिविर संयोजक वीर जीवन सिंह वीर सुरेश कुमार जैन ने बताया कि हड्डी रोग शिविर में 51 रोगियों को निःशुल्क परामर्श दिया गया।शिविर में 16 एक्सरे, खुन संबंधी 37 जाँचे निःशुल्क की गई। शिविर प्रभारी नरेश जैन ने बताया कि वीर सुभाष पहाड़ियां, रामावतार गोयल, अशोक अजमेरा, चन्दु राम, बोदूराम ने निःस्वार्थ सेवाएं देकर शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया।शिविर का जैन स्कूल के सदस्यवीर अजित पहाड़ियां सचिव सन्तोष पहाड़ियां, दिनेश जजजजज्जगट्टानी कलकत्ता, जोधपुर नगर निगम के प्रार्शद अनिल गट्टानी ने संस्था के सेवा कार्यों कि प्रशंसा कर साधुवाद किया।

# सीकर से 21 दिवसीय तीर्थ यात्रा हुई रवाना



## तीर्थ यात्रियों का तिलक लगाकर किया स्वागत

**विवेक पाटोदी. शाबाश इंडिया**

**सीकर।** सकल दिगंबर जैन समाज सीकर की 21 दिवसीय तीर्थ यात्रा सीकर से रविवार को रवाना हुई । यात्रा में गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों के प्रमुख जैन तीर्थ के दर्शन तीर्थयात्रियों को प्राप्त होंगे ।यात्रा के प्रमुख संयोजक हुकुमचंद गंगवाल व मुकेश लुहाड़िया ने बताया कि इस 21 दिवसीय यात्रा में 40 लोग सम्मिलित है , यात्रा के दौरान अनेक साधु संतों व अनेक प्रमुख जैन तीर्थों के दर्शन लाभ होंगे ।जय जिनेंद्र ग्रुप सीकर द्वारा सभी तीर्थ यात्रियों का तिलक व माला पहनकर स्वागत व सम्मान किया गया ।यात्रा के प्रस्थान के समय शुभकामनाएं प्रेषित करने हेतु समाज के पदम पिराका, प्रदीप बाकलीवाल, मोनु छाबड़ा, सुमति प्रकाश मोदी, कपूर चंद पाटनी, विकास लुहाड़िया, मनोज बज, प्रदीप सेठी, भरतेश सेठी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।प्रवक्ता विवेक पाटोदी ने सभी तीर्थ यात्रियों को मंगल कामना प्रेषित की ।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# एक ही परिवार के पांच बच्चों द्वारा निर्जरा तेला (तीन दिवसीय उपवास) सआनंद संपन्न, समापन पर निकाला भव्य जुलूस






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन मंदिर जनता कॉलोनी गंगवाल परिवार के पांच बजनता कॉलोनी गंगवाल परिवार के पांच बच्चों द्वारा त्याग तपस्या निर्जरा तेला( तीन दिवसीय उपवास ) सआनंद संपन्न होनेच्चों द्वारा त्याग तपस्या निर्जरा तेला( तीन दिवसीय उपवास ) सआनंद संपन्न होने पर त्यागी वृत्तियां एवं तपस्वियो की बैंड बाजे बग्गी सहित शाही लवाजमे के साथ शोभा यात्रा मंदिर जी से जनता कॉलोनी के विभिन्न मार्गों पर नाचते गाते गंगवाल परिवार के घर पर पर पहुंची। जहां पर पांचो त्यागी वृत्तियों का पारणा कराया गया शोभा यात्रा में समाज के साधर्मी बंधुवारों के साथ-साथ दिगर समाज के लोगों ने भी जगह-जगह स्वागत सत्कार कर फूल बरसाए। समापन पर तत्पश्चात समाज के सभी लोगों का स्वरुचि भोज गंगवाल परिवार द्वारा रखा गया। जिसमें जनता कॉलोनी जैन समाज के साथ-साथ समाज के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुधीर गंगवाल ने बताया कि शाम को पड़वा के पंचामृत कलशाभिषेक एवं सामूहिक क्षमावाणी पर्व एवं पड़वा ढोक मनाया गया जिसमें साधर्मी बंधुवरो द्वारा बड़ों के चरण छूकर बराबर वाले आपस में गले मिलकर एक दूसरे से गत वर्ष की भूलों व की गई गलतियां के लिए आपस में खोपरा मिश्री व ठंडाई पिलाकर क्षमायाचना की तथा त्यागीवृत्तियो सम्मान एवं दश लक्षण पर्व में किए गए बच्चों द्वारा किए गए संस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सभी को पुरस्कृत किया गया।

## शान्तिनाथ मन्दिर समिति कामां द्वारा सामूहिक क्षमापना पर्व व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ आयोजित




**कामा, भरतपुर. शाबाश इंडिया।** मैं का विलोपन कर अहम का मर्दन करना ही वास्तविक क्षमा धर्म है यदि किसी से मिलो तो पूर्वाग्रहों से ग्रसित मन से नही अपितु खाली मन से मिलो तभी क्षमा धर्म धारण किया जा सकता,क्षमा का साधारण भाव मन की कटुता, कलुषता, कठोरता, ईर्ष्या,जलन,नफरत का त्याग कर विनम्रता व सरलता धारण करना है उक्त विचार कामां के शान्तिनाथ दिगम्बर जैन खंडेलवाल पंचायती मंदिर दिवान के विजयमती स्वाध्याय भवन में आयोजित सामूहिक क्षमापना पर्व पर वक्ताओं ने व्यक्त किये। मन्दिर समिति के कार्याध्यक्ष उत्तम जैन व कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन के अनुसार क्षमापना पर्व का शुभारंभ धर्मचंद शुभम दर्शील जैन परिवार द्वारा मां विजयमती माताजी का चित्र अनावरण व जम्बुकुमार राजकुमार विवेक जैन बड़जात्या परिवार द्वार दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तो वही दृष्टि जैन बड़जात्या ने हम सब जैन हैं भजन पर मंगलाचरण भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संजना जैन बड़जात्या मनीषा जैन सर्राफ,मिनी ,सीमा, दीपा प्रिया महिला ग्रुप ने मन्दिर में श्रृंगार भला किसलिये भजन पर मनोरम प्रस्तुति देते हुए सभी को सन्देश दिया। रात्रि तक चले कार्यक्रम में सुधा जैन, अंशु, रचना,अंजली,नीरू, विशाखा ग्रुप ने दशलक्षण पर्व,अंशु जैन ,तनवी,दीप्ति,अनिता,अंजली ग्रुप ने उड़ी उड़ी रे धर्म की पतंग एवं गुंजन जैन,सलोनी, दीपा,नेहा,अन्नू,सोनम ग्रुप ने माता के सोलह सपने पर शानदार प्रस्तुति देते हुए समा बांध दिया।

## जे एस जी महानगर सामाजिक सहायता कार्यक्रम, दुर्गापुरा गौशाला में किया चारा वितरण




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सौशल ग्रुप महानगर, जयपुर द्वारा दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को प्रातः 8.30 बजे, दुर्गापुरा गौशाला में सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत चारा वितरण किया गया । यह कार्यक्रम महानगर ग्रुप द्वारा हर महीने के प्रथम रविवार को विगत दो वर्षों से किया जा रहा है। आज गौशाला में हरा चारा, रोटी एवं तरबूज का वितरण किया गया। अध्यक्ष संजय जैन छाबड़ा ने बताया कि कार्यक्रम के पुण्यार्जक अरविंद - दीपिका जैन, वरिष्ठ सदस्य, जैन सौशल ग्रुप महानगर थे। कार्यक्रम में महानगर ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष रवि प्रकाश जैन, राजीव जैन, दीपेश - अलका छाबड़ा, उपाध्यक्ष सुशील कासलीवाल, कार्यकारिणी सदस्य अमिता - राज जैन, वरिष्ठ सदस्य अरविंद - दीपिका जैन,( पूरे परिवार सहित) अमित - मोनिका जैन, गौरव - प्रियंका जैन, विपिन - हेमा जैन, कमलेश - माया जैन, शरत - ममता सेठी, राहुल - खुशबू पापडीवाल, अशोक जैन आदि सहित महानगर ग्रुप के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दिपेश छाबड़ा ने कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



# केसरिया पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर का सम्मान समारोह संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री केसरिया पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ,केसर चौराहा ,मुहाना मंडी रोड , मानसरोवर द्वारा दक्षलक्षण पर्व समारोह के समापन पर सामूहिक क्षमावाणी पर्व, सम्मान समारोह ओर सामूहिक गोठ का आयोजन श्री मुरली बाग गार्डन मे किया गया ।मंदिर जी के अध्यक्ष महावीर कासलीवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम मे मंदिर जी के सभी कार्यक्रमों के मुख्यतिथियों तथा सभी विजेताओं का सम्मान किया एवं पुरस्कार वितरित किये ।कार्यक्रम मे समाज श्रेष्ठी शैलेन्द्र जी - मनीषा जैन, शाबाश इंडिया के संपादक राकेश गोदिका, नरेश कासलीवाल त्रिवेणी नगर ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई । मंदिर के मंत्री नरेश जैन ने बताया की कार्यक्रम के संयोजकों विनीत छाबड़ा, जिंतेंद्र जैन, विनोद पाटनी, सुशील बाकलीवाल,मोहित जैन, कमलेश जैन, हेमंत जैन,भूपेंद्र जैन,अरुण कासलीवाल, तरुण जैन,अनिल जैन,अरविंद जैन,सुरेंद्र जैन ,संजय सेठी, अशोक कुमार जैन, प्रदुमन जैन, पर्व जैन,नीलेश जैन, शालू बाकलीवाल, प्रियंका पाटनी ने समारोह को अपने अथक प्रयासों से सफल बनाया। कार्यक्रम मे 108 दीपको से महाआरती की एवं समाज के सभी दम्पति सदस्यों ने मिलकर डांडिया रास भी किया ।इस अवसर पर म्यूजिकल हाउजी पर सभी सदस्य थिरके ओर लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस कार्यक्रम मे मंदिर जी से जुड़े हुए सदस्यो ओर उनके परिजनों ने भाग लिया।



# पाठशाला के बच्चो द्वारा दशलक्षण पर्व पर दी आकर्षक प्रस्तुतियां





**टीकमगढ़. शाबाश इंडिया।** नगर की महावीर बिहार कॉलोनी में संचालित श्री पारसवीर पाठशाला नन्हें मुन्ने बच्चो द्वारा पर्वराज दशलक्षण महापर्व पर बहुत ही मनमोहक आकर्षक प्रस्तुतिया दी गई। प्रतिदिन पाठशाला के बच्चो द्वारा मंगलाचरण एवं सुंदर नाटिकायें प्रस्तुत की गई। पारसवीर पाठशाला की संचालिका श्रीमती मोहनी जैन द्वारा उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया उत्तम क्षमा से लेकर उत्तम ब्रह्मचर्य तक पाठशाला की शिक्षिकाओं श्रीमति अमीता द्वारा नियम का फल नाटक कराया गया, श्रीमति संगीता के द्वारा संस्कारों की पाठशाला, श्रीमति सीमा के द्वारा मां की ममता, श्रीमति शिल्पी के द्वारा वृद्धाश्रम और श्रीमति सुनीता के द्वारा आकर्षक मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई। बच्चो द्वारा सुंदर नाटक का मंचन, ज्ञान की परीक्षा, तंबोला, प्रश्न मंच, भजन आदि की प्रस्तुतिया दी गई है। सभी शिक्षिकाओं एवं समाज जनो का भरपुर सहयोग रहा है। सभी ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। पंडित जी द्वारा प्रतिदिन प्रवचनों के माध्यम से ज्ञान की गंगा बहायी गई। जिसमें पाठशाला के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, संयोजक डा. हीरालाल जैन तथा पाठशाला के सभी सम्मानीय सदस्यगण एवं सकल जैन समाज के साथ साथ अपार जन समूह की उपस्थिति रही।

# अहिंसा जीवन का प्राण है : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ, गुन्सी में विराजित गणिनी आर्यिका 105 विज्ञाश्री माताजी के ससंघ सान्निध्य में शांतिनाथ भगवान की अखण्ड शान्तिधारा करने का सौभाग्य ताराचंद सौगानी चनानी, राकेश कठमाणा वाले छत्तीसगढ़, महावीर बालोतरा एवं भागचंद सिरस वालों को प्राप्त हुआ। बाहर से पधारे यात्रीगण जयपुर, टोडारायसिंह, चाकसू, बूंदी, देवली समाज ने गुरु मां का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया एवं विज्ञातीर्थ क्षेत्र के दर्शन का अनुपम लाभ प्राप्त किया। गांधी जयंती पर गुरु मां ने श्रावकों को अहिंसा धर्म का उपदेश देते हुए कहा कि - अहिंसा ही जीवन का प्रण है अहिंसा क्रांति के उन्नायक महात्मा गांधी जी ने रोटी - कपडा - मकान के लिए लड़ाई नहीं की बल्कि अहिंसा के बल पर देश को स्वतंत्र करके महा संग्राम किया। अपने देश के खातिर प्राणों का बलिदान दिया। यह शिक्षा उन्हें जैन दर्शन से ही मिली थी।

# सुकृति जैन का किया सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्योपुर प्रताप नगर निवासी मनीष सोनम जैन बाकलीवाल की बेटी सुकृति जैन बाकलीवाल को जन्म दिवस पर श्योपुर जैन मंदिर ने सम्मान किया। इसी के सांगानेर गोशाला में दीपक जैन पहाड़िया ने सुकृति जैन बाकलीवाल का अभिनंदन किया।

# जयपुर आइडियल सीजन-7 में भरतपुर की निशु शर्मा विजेता रही

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर आईडियल सीजन-7 का फाईनल आज किंग्स लॉन होटल होलिडे इन, बाईस गौदान में सम्पन्न हुआ। जिसमें भारत वर्ष के भुवनेश्वर, भोपाल, दिल्ली, रांची, कोटा, अजमेर, जयपुर एवं अनेक स्थानों के प्रतिभागियों ने भाग लिया । फाइनल में 11 प्रतिभागी पहुंचे सभी प्रतिभागियों ने अपना शानदार परफॉर्मेंस देकर सबका मन मोह लिया वही दूसरी और प्रतिभागियों ने क्लासिकल के साथ-साथ और भी प्रस्तुतिया देकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम संयोजक विनीत जैन ने बताया की आज के कार्यक्रम में भरतपुर (राजस्थान) की निशु शर्मा विजेता रही एवं जावेद हुसैन, दिलवार हुसैन, हिरेन्द्र कुमार भट्ट, प. सेमुअल एलफेड, सलीम आगा नूतन चौहान, रतिका जैन, मिताली वर्मा, मोसन हुसैन, उषा नायर, डॉ गोरव जैन, दिपशिखा जैन, मितेन्द्र जैन, संगीत शर्मा, मधु भट्ट, नीलम शर्मा, प्रिया एनडुस, दीपक एन्डुस, संजय रायजादा खान आज कार्यक्रम के जुरी थे। कार्यक्रम के मुख्य पार्टनर युनिवस, एआरएल, एएलसीएस, सिटी वाईन, सिजलिंग सीजर्स, होटल होलीडे इन , बनाम थे। कार्यक्रम के महागुरू आनन्द राज आनन्द, सिलेबिटी जज नवराज हंस एवं जज मैमे खान कुटिल खान, तोसी साबरी, रीनी चन्द्रा, सीमा मिश्रा, प्रो. डॉ. मायारानी टांक, शायब साबरी एवं सैलेविटी अतिथि मोहम्मद हुसैन, अहमद हुसैन, महम्मदकल थे। कार्यक्रम के प्रचार संयोजक राजकुमार बैद ने बताया की निशु शर्मा को प्रथम आने पर को 1,00,000/- रुपए का नगद एवं विडियो एलबम, प्लेबैक सिगिंग का मौखा मिलेगा। कार्यक्रम के आयोजक विनित जैन क्रिएशन्स के विनित जैन ने बताया की आज जिक अवार्ड भी प्रारम्भ किया है जिसमें जावेद हुसैन, दिलबार हुसैन, हिरेन्द्र कुमार भट्ट, प. सेमुअल एलफेड, सलीम आगा, नूतन चौहान, रतिका जैन, मिताली वर्मा, मोसन हुसैन, उषा नायर, डॉ गोरव जैन, दिपशिखा जैन, मितेन्द्र जैन, संगीत शर्मा, मधु भट्ट, नीलम शर्मा, प्रिया एनडुस, दीपक एन्डुस, संजय रायजादा को दिया गया है। कार्यक्रम का आयोजन विनीत जैन क्रिएशन्स द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का शानदार मंच संचालन रतिका जैन ने किया ।



# सकल दिगंबर जैन समाज एत्मादपुर ने निकाली श्रीजी की विशाल रथयात्रा



**आगरा. शाबाश इंडिया।** सकल जैन समाज एत्मादपुर के तत्वावधान में आगरा के एत्मादपुर स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में दशलक्षण महापर्व के समापन पर वार्षिक रथयात्रा महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस दौरान भक्तों ने मूलनायक भगवान पारसनाथ की प्रतिमा को रथ में विराजमान कर बैंड बाजों के साथ विशाल रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष बैंड बाजों की धुनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। इस दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। वहीं रथयात्रा का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया था। इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज एत्मादपुर के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। **रिपोर्ट मीडिया प्रभारी शुभम जैन**

# सलोनी पाटनी का जैन समाज झोटवाड़ा ने किया सम्मान



**जयपुर। सलोनी जैन पुत्री धीरज कुमार की पाटनी एलएलबी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर झोटवाड़ा जैन समाज द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के रुप में उसको सम्मानित किया गया।**

# अशोक विहार मॉर्निंग क्लब वॉकर्स के द्वारा स्वच्छता दिवस के अवसर पर पार्क की सफाई की



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** स्वच्छता दिवस के अवसर पर आज अशोक विहार पार्क सी- स्कीम में अशोक विहार मॉर्निंग क्लब वॉकर्स के द्वारा पार्क की सफाई की गई , क्लब के अशोक जैन ने बताया कि स्वच्छता अभियान में दामोदर मोदी, सुरेश अरोड़ा, अशोक जैन, पंकज जैमन, प्रदीप कुमार, राज कुमार अग्रवाल, जज ज्योति स्वरुप शर्मा, मनीष भंडारी, अश्विनी शर्मा ने पार्क को स्वच्छ करने में मदद की ।

# एम्बीशन किड्स में अहिंसा एवं स्वच्छता का दिया संदेश







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

एम्बीशन किड्स एकेडमी श्योपुर रोड़ , प्रताप नगर में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती बडी धूमधाम से मनाई गई । सर्वप्रथम गांधी जी के आदर्श और उनके स्वच्छ भारत के स्वप्न को समझाने के लिए शिक्षिकाओं द्वारा कुछ कविताएं ,कहानियों व नाटको का सजीव मंचन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ . अलका जैन ने बच्चों को सत्य और अहिंसा का महत्व समझाया। उपाचार्या अनीता जैन ने गांधी जी पर एवं लाल बहादुर शास्त्री पर आधारित कविता ह्लएक थे लाल , एक थे बापूह्न को सुंदर शब्दों में प्रस्तुत किया । इस अवसर पर अनीता सक्सैना, पूनम शर्मा, निरूपमा गुप्ता एवं किरण सैन आदि शिक्षिकाओं द्वारा गांधी जी के तीन बंदर कविता के सुंदर प्रस्तुतिकरण से एम्बीशन सभागार



तालियों की गडगडाहठ से गूंज उठा। शिक्षिका दीपिका जैन ने कविता ''गांधी जी का स्वच्छ भारत'' द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया। इस प्रकार अन्य शिक्षिकाएं - दीपिका, निरुपमा, निशा मित्तल, रिया माथुर, टीना कोरजानी , काजल , नैना खण्डेलवाल एवं किरण सैन द्वारा वंदे मातरम गीत पर सामूहिक नृत्य एवं स्वच्छ भारत अभियान पर नुक्कड नाटक प्रस्तुत कर बच्चों को स्वच्छता और अहिंसा का संदेश दिया । इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बालक-बालिकाओ ने भी बड़-चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिया । इसमें दीवीक्ष जैन ने गांधी जी, कनिष्का अग्रवाल ने कस्तूरबा गांधी एवं यहान रावत ने शास्त्री जी का मूर्त रूप धारण कर उनकी जीवनी को अभिनय द्वारा प्रस्तुत किया । संस्था चेयरमैन डॉ. एम एल . जैन मणि द्वारा अहिंसा , सत्य , सदाचार और स्वच्छता को दैनिक जीवन में अपनाने के सन्देश के साथ सभी बालक -बालिकाओं को आशीर्वाद प्रदान किया । अन्ततः एम्बीशन किड्स एकेडमी के निदेशक डॉ . मनीष जैन ने सभी संकाय सदस्यों को इस प्रकार के सफल आयोजन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पंडित महेश दत्त शर्मा गुरुजी सम्मानित



**अलवर. शाबाश इंडिया।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार की ओर से जयपुर के पंडित महेश दत्त शर्मा गुरूजी को सम्मानित किया गया । गुरुजी को यह सम्मान वृद्ध जन कल्याण, सामाजिक ,सांस्कृतिक, कला एवं साहित्य के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग टीकाराम जूली ने गुरुजी को सम्मानित किया। पंडित महेश दत्त शर्मा गुरुजी श्री विद्या के परम उपासक हैं । गुरुजी गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस और विनय पत्रिका के परम ज्ञानी हैं । गुरुजी ने रामचरितमानस और विनय पत्रिका का गहन अध्ययन किया है और इनके अंदर निहित तथ्यों को उजागर किया है।

## अहिंसा भवन के पदाधिकारियों का उदयपुर मे प्रवर्तक सुकन मुनि के सानिध्य में किया सम्मान



**भीलवाड़ा. कासं।** सोमवार अहिंसा भवन के पदाधिकारियों का उदयपुर पंचायती नोहरा चातुर्मास मे प्रवर्तक सुकन मुनि,उपप्रवर्तक अमृत मुनि युवाप्रणेता महेश मुनि आदि के सानिध्य मे हुआ सम्मान। अहिंसा भवन शास्त्री नगर के मुख्य मार्ग दर्शक अशोक पोखरना ने बताया कि अहिंसा भवन के वरिष्ठ श्रावक शांतिलाल कांकरिया अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह बाबेल के नेतृत्व मे अमरसिंह संचेती अनिल कांकरिया,अभयसिंह आंचलिया.गोविंद सिंह खटोड़,दिपक महता,सुंदर.बापना,जतन सोनी, विशाल चपलोत आदि पचास श्रध्दांलूओ के प्रतिनिधि मंडल ने संत शिरोमणि सुकन मुनि आदि आदि ठाणा के चातुर्मास उपरांत भीलवाड़ा अहिंसा भवन शास्त्री नगर मे पधारने की धर्मसभा मे विनती रखी।

# विवेक विहार में क्षमावाणी पर्व मनाया धूमधाम से






**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर विवेक विहार में क्षमावाणी पर्व धूमधाम से मनाया गया। समाज सहसचिव नरेश जैन मेड़ता ने बताया कि क्षमावाणी पर्व पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किया गया । सुबह मंदिर की में नित्य अभिषेक के बाद में पूर्णिमा दीदी का प्रवचन हुआ । उसमें उन्होंने क्षमावाणी पर्व का महत्व बताया। समाज सहसचिव नरेश जैन मैड़ता ने बताया कि दोपहर में श्री जी के अभिषेक व श्रीजी की माल की बोली का कार्यक्रम हुआ । पूजा सामग्री में सहयोग देने वाले पुण्यार्जक परिवार का स्वागत किया गया। श्री जी के अभिषेक के पुण्यार्जक परिवार विजय कुमार नीलम विनायका का समिति के पदाधिकारीयों ने अभिनंदन किया एवं माल की बोली की पुण्यार्जक परिवार का भी अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर दशलक्षण पर्व के संयोजक दीपक सेठी , एवं शोभागमाल जैन, रमेश कासलीवाल,पदमचंद जैन, धर्मेंद्र गंगवाल,को मोमेंटौ देकर सम्मान किया गया। नरेश जैन मेड़ता ने बताया कि की शाम को श्रीजी का अभिषेक एवं माल की बोली के कार्यक्रम के बाद में महिला मंडल टीम का एवं एवं जोन में द्वितीय नंबर आने पर झांकी के संयोजक पंकज रारा वह टीम सदस्यो का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज के सभी सदस्यों ने एक दूसरे से उत्तम क्षमा कर क्षमावाणी पर्व मनाया । समाज अध्यक्ष अनिल जैन आईआरएस, सचिव सुरेंद्र पाटनी, कोषाध्यक्ष पारसमल छाबड़ा, दशलक्षण पर्व के संयोजक दीपक सेठी एवं महिला मंडल सेक्रेटरी अलका पांडया ने समाज के सभी सदस्यों का आभार जताया।

# श्री जी के हुए पंचामृत कलशाअभिषेक



**अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया**

**प्रतापनगर।** श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर श्योपुर प्रतापनगर में चतुर्मास कर रहे आचार्य श्री विनित सागर जी महाराज के सानिध्य में क्षमावाणी पर्व भक्ति भाव से मनाया गया। वहीं सायंकाल श्री जी के जयकारों के साथ कलशाअभिषेक एवं शांति धारा हुई श्री जी की माला पहनने का सौभाग्य नेमीचंद बाकलीवाल , महावीर बाकलीवाल, चेतन जैन निमोडिया एवं समस्त बाकलीवाल परिवार निमोडिया को 2007 से लगातार श्री जी की माला पहनने का सौभाग्य मिलता आ रहा है।

# दिगंबर जैन मंदिर नसिया जी में हुआ शांति विधान महामंडल पूजन



**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया।** आज दिगंबर जैन मंदिर नसियां जी में जैन श्रद्धालुओं ने बड़े भक्ति भाव के साथ में श्री शांतिनाथ भगवान महामंडल विधान पूजन का आयोजन पंडित अंकित शास्त्री सवाई माधोपुर वालों के मंत्र उच्चारण एवं मुकेश एंड पार्टी महुआ वालों के संगीत निर्देशन में बड़े भक्ति भाव के साथ आयोजित हुआ। इस अवसर पर शांतिनाथ विधान मंडल पूजन के आयोजक परिवार कैलाश चंद्र निलेश कुमार विपिन कुमार जैन पंचायत समिति वालों ने बताया कि जयपुर सवाई माधोपुर आदि जगहों से आए एवं स्थानीय सैकड़ो श्रद्धालुओं ने जिनेंद्र भगवान के समक्ष भक्ति नृत्य करते हुए जिनेंद्र देव के समक्ष अपने भक्ति भाव प्रकट किए। केसरिया वस्त्र धारण किए हुए सैकड़ो श्रद्धालुओं ने जिनेंद्र देव के सामने विधानमंडल पर 121 अर्घ चढ़कर जल चंदन अक्षत पुष्प नैवेध दीप धूप फल एवं अर्घ से जिनेंद्र भगवान की आराधना की। विधानमंडल से पूर्व कैलाश चंद्र निलेश कुमार विपिन कुमार जैन परिवार की ओर से विश्व शांति की कामना करते हुए जिनेंद्र देव के ऊपर प्रासुक जल से बीजाक्षरो एवं मंत्रोचारणों के मध्य शांति धारा की गई। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में जैन श्रृद्धालु उपस्थित रहे।

# टीम हेल्पिंग हैंड्स का स्वच्छता से सेवा संकल्प ''आपणो जयपुर- स्वच्छ जयपुर''



**शाबाश इंडिया/अमन जैन कोटखावदा**

**जयपुर।** विद्याधर नगर के नेशनल हैंडलूम पर टीम हेल्पिंग हैंड्स ओर टीम हियर फॉर यु के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ्ता कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम सुबह 6 बजे शुरू हुआ, जिसमे विद्याधर नगर के नेशनल हैण्डलूम एवम आसपास की जगह का कचरा साफ किया गया। टीम हेल्पिंग हैंड्स के रजत डागा ने बताया स्वच्छ्ता कार्यक्रम एक जागरूकता का कार्यक्रम था जिसमे आसपास के दुकानदारों ओर निवासियों से महात्मा गांधी जयंती के पूर्व अपने इलाके को स्वच्छ रखने की अपील की गई। गौतलब है नेशनल हैण्डलूम एक व्यवसायिक स्थान है , जिसमे फास्ट फूड चौपाटी लगती है। टीम के मनीष शर्मा,देवेंद्र गोयल,आशीष शर्मा,प्रतीक जैन,अभिनव माथुर आदि सदस्य मौजूद थे।